राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

An ISO 9001:2008 Certified Agency

खालिद अरशद, *बि०प्र०से०*
प्रशासी पदाधिकारी
–सह–
प्रभारी मानव संसाधन

सं०सं०: SHSB/GA/HR/2097/2016

आदेश संख्याः ....

–:आदेश:–

राज्य स्वास्थ्य समिति के विज्ञापन सं० 07/16 (पी० आर० सं० 4938 नि.नि. 16–17) के आलोक में आदेश ज्ञापांक 5987 दिनांक 15.12.2016 द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत **Ophthalmologist** (विशेषज्ञ चिकित्सक) के संविदागत् पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियोजित करते हुए विभिन्न जिलों के सदर अस्पतालों में पदस्थापित किया गया। उक्त चयनित अभ्यर्थियों के योगदान करने की अंतिम तिथि 30.12.2016 एवं योगदान के पश्चात सभी अभ्यर्थियों का एकरारनामा करने की तिथि 06.01.2017 निर्धारित की गयी। उक्त क्रम में कतिपय अभ्यर्थियों के द्वारा योगदान करने की समय–सीमा को विस्तारित करने की मांग की गयी।

अतः कार्यहित में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की आवश्यकता के मद्देनजर जिन अभ्यर्थियों द्वारा योगदान नहीं दिया गया है उन सभी अभ्यर्थियों को दिनांक 31 मार्च, 2017 तक योगदान करने हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।

उक्त पर सचिव, स्वास्थ्य–सह–कार्यपालक निदशक का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

(खालिद अरशद)

ज्ञापांक** : SHSB/GA/HR/2097/2016/*8240 *पटना, **दिनांक**:*23/03/2017***

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार को कृपया सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः सभी संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार/सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः अपर निदेशक–वित्त/वित्त प्रबंधक/राज्य कार्यक्रम प्रबंधक-NHM/राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी–MH, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः सिस्टम एनालिस्ट–सह–डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सूचनार्थ एवं समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः सभी संबंधित नवचयनित अभ्यर्थियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। यह आदेश राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अधिकृत वेबसाईट **www.statehealthsocietybihar.org** पर भी देखा जा सकता है एवं डाउनलोड कर इसे व्यवहार में लाया जा सकता है।

Khad 23/3/17

प्रशासी पदाधिकारी
–सह–
प्रभारी मानव संसाधन